बिहार में आठ लाख रुपये के नकली नोट जब्त, चार गिरफ्तार

बिहार में आठ लाख रुपये के नकली नोट जब्त, चार गिरफ्तार

: Bhasha , July 16, 2022 / 06:55 PM IST

मोतिहारी, 16 जुलाई (भाषा) पुलिस ने शनिवार को बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में आठ लाख रुपये के नकली नोटों को जब्त करने का दावा करते हुए इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस प्रमुख कुमार आशीष ने संवाददाताओं को बताया कि जाली नोटों का रैकेट छतौनी थाना क्षेत्र के एक साइबर कैफे से संचालित किया जाता था। आरोपी व्यक्तियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि उन्होंने एक ऑनलाइन वीडियो साझा करने और सोशल मीडिया मंच से नकली नोटों को प्रिंट करने की तकनीक सीखी थी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया, “गिरफ्तार किए गए लोगों में संदीप साहनी, सरगना राजेश कुमार जो साइबर कैफे चलाता है, उसके सहयोगी दीपक और सुबोध जो पड़ोसी जिले शिवहर से हैं, मामले में शामिल हैं।”

जब्त किए गए नोट 500 रुपये मूल्य के थे।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पांच लाख रुपये के नकली नोटों के लिए दो लाख रुपये वसूलते हुए अपने नकली नोटों को “बेचा” था।

अधीक्षक ने कहा, “आरोपियों ने दावा किया कि हाल ही में 1.75 लाख रुपये के नकली नोटों को बाज़ार में उतारा हुआ है।”

उन्होंने यह भी कहा कि उच्च अधिकारियों को रैकेट से अवगत करा दिया गया है ताकि बाजार में चल रहे नकली नोटों का पता लगाया जा सके।

आशीष ने कहा कि ऐसे वीडियो को हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के अधिकारियों के साथ बात की जाएगी, जो इस तरह के कुकर्मों को बढ़ावा देते हैं।

Source: https://www.ibc24.in/country/fake-currency-notes-worth-rs-8-lakh-seized-in-bihar-four-arrested-1000214.html